दैनिक
# न्याय साक्षी



## संपादकीय

## परिणाम सचमुच चौंकाने वाला

**लोकसभा चुनाव के परिणाम सचमुच चौंकाने वाले रहे। यह चौंकना भारतीय जनता पार्टी और विशेषकर नरेन्द्र मोदी द्वारा पैदा की गई उस अतिश्योक्ति के संदर्भ में ज्यादा रहा जिसमें वे भाजपा को अकेले दम 370 और राष्ट्रीय जनतात्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीटों के पार ले जाने का जोरदार दावा कर रहे थे।**

**सारा चुनाव इसी सीमा रेखा के इर्द-गिर्द घूम गया कि 400 पार होंगे या नहीं होंगे। मतदान के तुरंत बाद हुए एग्जिट पोल अनुमानों ने 400 पार की संख्या को जैसे वास्तविकता में ही बदल दिया, लेकिन जब वास्तविक परिणाम आए तो 400 पार की ये उड़ान किसी घायल परिंदे की तरह जमीन पर आ गई और 292 पर ही सिमट गई और राजग 300 का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका। भाजपा को सबसे तगड़ा झटका उत्तर प्रदेश ने दिया जहां वह अकेली सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरने में असफल रही।**

**और समाजवादी पार्टी सबसे बड़े विजयी दल के रूप में उभरकर आई। मेनका गांधी, स्मृति ईरानी, अजय मिश्रा आदि की हार के साथ-साथ सर्वाधिक आश्चर्यजनक और आघातकारी हार फैजाबाद (अयोध्या) में रही जहां समाजवादी पार्टी ने भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को पराजित कर दिया। पश्चिम बंगाल ने भी भाजपा को तगड़ा झटका दिया। जो भाजपा वहां 30 से ज्यादा सीटें लाने का दावा कर रही थी वो 30 सीटें तृणमूल कांग्रेस के खाते में चली गई। अगर भाजपा को ओडिशा में ज्यादा सीटें न मिली होती और उसके सहयोगी दल तेलुगू देशम पार्टी या बिहार में जनता दल (यू) ने अपेक्षा से ज्यादा सीटें नहीं पाई होतीं तो भाजपा के लिए सरकार बनाना भी कठिन हो जाता। ये चुनाव परिणाम बताते हैं कि नरेन्द्र मोदी की और योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता में भारी गिरावट हुई है। उनका राम मंदिर का पत्ता, जिसे वे तुरुप का पत्ता मान रहे थे, नहीं चला। उसी तरह मांस, मछली और मंगलसूत्र और मुसलमान जैसे शिगूफे नहीं चले।**

**दूसरी ओर विपक्ष महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण, संविधान तथा लोकतंत्र जैसे मुद्दों पर मतदाता को प्रभावित करने में सफल रहा। भाजपा की अपेक्षाओं को पिन चुभाने का काम उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरणों ने भी किया। मुसलमान और यादव मतदाता एकजुट होकर सपा और कांग्रेस गठबंधन के साथ थे तथा मोदी-योगी की शैली से नाराज कुछ अन्य जातियों के मतदाता भी सपा-कांग्रेस के साथ गए। उत्तर प्रदेश ने कई अर्थों में भाजपा के विजय रथ को रोक दिया। इन परिणामों पर कांग्रेस ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मोदी की नैतिक हार बताया और सरकार बनाने की स्थिति में न होते हुए भी अपनी जीत बताया है। इंडिया गठबंधन के कुछ घटक दलों ने भी मोदी से सीधे-सीधे इस्तीफे की मांग कर दी है।**

# बैजूस के ऋणदाताओं ने शुरू की दिवालिया कार्यवाही

**नईदिल्ली**




अमेरिकी ऋणदाताओं के एक समूह ने शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बैजूस की कुछ परिसंपत्तियों को दिवालिया करने के लिए याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि कंपनी अपने बकाया ऋण का भुगतान नहीं कर रही है।

बैजूस अल्फा इंक को 1.4 अरब डॉलर का ऋण देने वाले ऋणदाताओं के तदर्थ समूह ने कहा कि टर्म लोन और जीएलएएस ट्रस्ट कंपनी एलएलसी ( टर्म लोन के प्रशासनिक एजेंट और रेहन एजेंट) के कुछ धारकों ने अमेरिकी दिवालिया संहिता के अध्याय 11 के तहत याचिका दायर की है।

ऐसा इसलिए किया गया है ताकि अमेरिका के डिस्ट्रिक्ट ऑफ डेलावेयर की दिवालिया अदालत में कंपनी के टर्म लोन के तीन अमेरिकी गारंटर- एपिक!, न्यूरॉन फ्यूल (डीबीए टिंकर) और टैंजिबल प्ले (डीबीए ऑस्मो) के खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके।

ऋणदाताओं ने आरोप लगाया है कि बैजूस ने साल 2021 में कंपनी की अमेरिकी सहायक कंपनी बैजूस अल्फा को ऋण देने के तुरंत बाद अपने टर्म लोन चुकाना बंद कर दिया। ऋणदाताओं ने कहा कि उन्होंने बैजूस की चूक को ठीक करने के लिए कई उत्पादक और सहयोगात्मक काम करने का हरसंभव प्रयास किया।

ऋणदाताओं ने आरोप लगाया, 'मगर यह स्पष्ट हो गया है कि बैजूस प्रबंधन अब अपने टर्म लोन चुकाने का इरादा नहीं रखता है अथवा उसकी क्षमता नहीं है। दरअसल, बैजूसस के संस्थापक बैजू रवींद्रन, रिजू रवींद्रन और दिव्या गोकुलनाथ ने अवैध तरीके से ऋण में 53.3 करोड़ डॉलर का हेरफेर किया है, जिसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है।'

ऋणदाताओं का यह भी आरोप है कि बैजूस के असफल नेतृत्व और कुप्रबंधन की वजह से कंपनी की परिसंपत्तियों और मूल्य को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा है कि बैजूस के शेयरधारकों और ऋणदाताओं ने भी अपने निवेश मूल्य में गिरावट देखी है। कंपनी के कर्मचारियों और वेंडरों को समय पर भुगतान नहीं हो रहा है और ग्राहकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ऋणदाताओं ने कहा, 'अन्य बड़े लक्ष्यों के अलावा हमने एपिक!, न्यूरॉन फ्यूल और टैंजिबल प्ले के मूल्य की रक्षा के लिए यह कार्रवाई की है। हमने उनकी सफलता के लिए प्रतिबद्ध हैं और कारोबार को फिर से सुचारू करने के लिए आवश्यकता पर पूंजी लगाने को भी तैयार है। न्यायालय की देखरेख में अब ऋणदाताओं को उम्मीद है कि एपिक!, न्यूरॉन फ्यूल और टैंजिबल प्ले को इससे लाभ मिलेगा।

## रेपो रेट में बदलाव की संभावना नहीं

**मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की शुक्रवार को समाप्त हो रही तीन दिवसीय मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर तथा अन्य नीतिगत दरों में बदलाव की संभावना नहीं है क्योंकि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन बनाये रखने का प्रयास रहा है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को शुरू हुई थी और शुक्रवार को समाप्त होगी। इसमें देश की आर्थिक स्थिति, मुद्रास्फीति, मानसून की स्थिति, वैश्विक कारकों आदि के आधार पर नीतिगत दरों पर फैसले लिए जाएंगे। संभावना है कि समिति रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखने का फैसला कर सकती है।

रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि उधार देता है ताकि वे तरलता की अपनी तात्कालिक जरूरतें पूरी कर सकें। इसका असर बैंकों द्वारा कॉर्पोरेट तथा आम ग्राहकों को दिये जाने वाले ऋण की ब्याज दरों पर पड़ता है।

ब्याज दर घटने से निवेश तथा उपभोग लागत में कमी आती है, हालांकि उपभोग बढऩे से मुद्रास्फीति (महंगाई दर) बढऩे का खतरा रहता है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांता दास ने कहा है कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति कम करने की नीति जारी रखेगा ताकि आर्थिक विकास में स्थिरता बनी रहे। उन्होंने कहा कि खाने-पीने के सामान की महंगाई दर ज्यादा होने से मुद्रास्फीति का दबाव बना हुआ है।

आरबीआई ने पिछली बार फरवरी 2023 में नीतिगत दरों में बदलाव किया था। उसने मई 2022 से फरवरी 2023 के बीच रेपो दर में कुल 2.5 प्रतिशत की वृद्धि की थी। फरवरी 2023 के बाद से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर स्थिर है।

खुदरा महंगाई की दर इस साल अप्रैल में घटकर 4.83 प्रतिशत पर आ गई थी। हालांकि यह अब भी आरबीआई के चार प्रतिशत के मध्यावधि लक्ष्य से ऊपर है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक विकास दर बढक़र 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे आरबीआई के पास अभी ब्याज दरों में कटौती को टालने के विकल्प है।

## एप्पल को पछाड़कर एनवीडिया बनी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

**मुंबई**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है। इस कारण एप्पल को पछाडक़र एनवीडिया दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी बन गई है। आखिरी कारोबारी सत्र में एनवीडिया के शेयर में 5.16 प्रतिशत की तेजी आई और कंपनी का मार्केट कैप 3.01 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गया। एप्पल के शेयर में 0.78 प्रतिशत की बढ़त हुई है और उसका मार्केट कैप 3 ट्रिलियन डॉलर पर है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप की मांग बढऩे के कारण एनवीडिया के शेयर में लगातार तेजी बनी हुई है। पिछले एक साल में यह 200 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दे चुका है। सॉफ्टवेयर दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट 3.15 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है। यह पहला मौका नहीं है, जब एनवीडिया की मार्केट कैप एप्पल से ज्यादा है।

## 2,085 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही स्पाइसजेट

**नईदिल्ली**




स्पाइसजेट के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने कहा कि कंपनी अगस्त के मध्य तक 25 करोड़ डॉलर (2,085 करोड़ रुपये) जुटाने की योजना बना रही है। इससे विमानन कंपनी को अपनी बैलेंस शीट दुरुस्त करने और वृद्धि की राह पकडऩे में मदद मिलेगी।

विमान पट्टेदाताओं, इंजन पट्टेदाताओं, लेनदारों और पूर्व प्रवर्तक कलानिधि मारन को बकाया चुकाने के मामले में चल रहे मुकदमों के बीच पिछली कुछ तिमाहियों से स्पाइसजेट नकदी संकट का सामना कर रही है। विमानन कंपनी के शेयरधारक इस साल पहले ही 2,241 करोड़ रुपये जुटाने के लिए इक्विटी व वॉरंट जारी करने की मंजूरी दे चुके हैं।

इनमें से कंपनी ने अब तक 1,060 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कापा इंडिया एविएशन समिट 2024 में सिंह ने कहा कि हमने 2-3 महीने एक बार रकम जुटाई है। अगले कुछ महीनों में हम और रकम जुटाएंगे जो हमें वृद्धि की राह पर ले जाएगी। हमें 15 करोड़ डॉलर मिले हैं। अब हम 25 करोड़ और डॉलर जुटाने जा रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अगस्त के मध्य तक यह काम हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि विमानन कंपनी अगली दो तिमाहियों में अपनी बैलेंस शीट दुरुस्त करने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि स्पाइसजेट को खत्म करना काफी मुश्किल है। हमारे में फिर से बहाल होने की प्रवृत्ति है। हम एक बार फिर बढऩे की कोशिश कर रहे हैं।

एविएशन एनालिटिक्स फर्म सिरियम के मुताबिक स्पाइसजेट का नेटवर्क पिछले पांच साल में करीब 70 फीसदी कम हुआ है और अभी कंपनी हर हफ्ते 1,180 उड़ानों का परिचालन करती है। सिंह ने कहा कि अभी मांग का माहौल इतना अच्छा है कि जहां भी स्पाइसजेट अपनी उड़ानों का संचालन कर रही है, उसे सीटें भरने में किसी तरह की दिक्कत नहीं हो रही।

# एंड्रीवा 27 वर्षों में सबसे युवा ग्रैंड स्लैम बनीं सेमीफाइनलिस्ट

**पेरिस**

युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका को बुधवार को अपसेट करते हुए फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर इतिहास रच दिया। वह पिछले लगभग तीन दशक में 17 साल की उम्र में सबसे युवा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनलिस्ट बन गयीं।

एंड्रीवा ने क्वार्टरफाइनल में पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए 6-7(5), 6-4, 6-4 से जीत हासिल की। उनका सेमीफाइनल में इटली की जैस्मिन पाओलिनी से मुकाबला होगा जो पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

एंड्रीवा ने दो घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका के पूरी तरह फिट नहीं होने का फायदा उठाया। सबालेंका ने पहले सेट में मेडिकल टाइमआउट लिया और मैच में बाद में भी उन्हें इसकी जरूरत पड़ी।



एंड्रीवा ने अंततः तीन करियर भिड़ंत में पहली बार विश्व नंबर 2 सबालेंका को हराया। एंड्रीवा पूर्व नंबर 1 मार्टिना हिंगिस के बाद ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की महिला हैं, जो 1997 में रौलां गैरो और यूएस ओपन दोनों के सेमीफाइनल में पहुंचने पर 16 साल की थीं।

इस साल एंड्रीवा का सामना करने से पहले सबालेंका ने किसी ग्रैंड स्लैम मैच में एक भी सेट नहीं हारा था। वह 11 मैचों में 22 सेटों में से केवल दो में चार से अधिक गेम हारी थीं।

लेकिन 1999 में विंबलडन के पहले दौर में 16 वर्षीय जेलेना डॉकिक के हिंगिस को हराने के बाद किसी ग्रैंड स्लैम इवेंट में विश्व नंबर 1 या नंबर 2 को हराने वाली एंड्रीवा सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई। एंड्रीवा 16 साल की मोनिका सेलेस के पेरिस के 1990 के फाइनल में स्टेफनी ग्राफ को हराने के बाद फ्रेंच ओपन में ऐसा करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गयी हैं।

## न्यूयॉर्क की चुनौतीपूर्ण पिच से निपटने के तरीके खोजने होंगे: विक्रम राठौर

**न्यूयॉर्क**




टी20 विश्व कप में लगातार दूसरी बार न्यूयॉर्क में लो स्कोरिंग मुकाबला खेला गया। इस पिच पर दक्षिण अफ्रीका द्वारा श्रीलंका को 77 रनों पर आउट करने के बाद, भारत के गेंदबाजों ने आयरलैंड को 96 रनों पर समेट दिया।

न्यूयॉर्क की ड्रॉप इन पिच एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई। यहां गेंद में अधिक बाउंस, वेरिएशन और मोमेंट है। बेशक, भारत ने आयरलैंड के खिलाफ मुकाबला जीत लिया हो लेकिन यहां बल्लेबाजी करना भारतीय बल्लेबाजों के लिए भी लोहे के चने चबाना जैसा था। दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव भी इस पिच पर फ्लॉप रहे।

हालांकि, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत ने यहां रन जरूर बनाए लेकिन हिटमैन को भी शुरुआत में काफी संघर्ष करना पड़ा।

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने स्वीकार किया कि ग्रुप ए के पहले मैच के लिए न्यूयॉर्क की पिच बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन उनका मानना है कि टीम इन कठिन परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। साथ ही कुछ ऐसी चुनौतियां भी है, जिन्हें 9 जून को इसी मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले अगले मैच से पहले सुलझाना होगा।

भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच ने कहा, जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है, यह एक चुनौतीपूर्ण विकेट है लेकिन हमें यहीं खेलना है इसलिए हमें इससे निपटने के तरीके खोजने होंगे। जैसा कि मैंने पहले कहा, हमारे पास बल्लेबाजी समूह में पर्याप्त कौशल और अनुभव है। हमारे पास कई ऐसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी तरह की सतह पर अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। मुझे लगता है कि यह कई सालों से हमारी ताकत रही है।

## 10 जून को रिलीज होगा कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर

कल्कि 2898 एडी का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। हाल में ही इससे संबधित एक एनिमेटेड सीरीज लॉन्च की गई थी। अब निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर नई घोषणा की है।



कल्कि 2898 एडी की चर्चा देशभर में जोरों शोरों से हो रही है। यह एक ऐसी फिल्म है, जिसका देश भर में दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में साइंस-फिक्शन और भारतीय पौराणिक कथाओं का अद्भुत मिश्रण देखने को मिलने वाला है। फिल्म में कई बड़े कलाकार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब इस फिल्म के ट्रेलर को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

यह अब तक की बनी सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक है। फिल्म पर 425 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। बीते कुछ दिनों फिल्म को लेकर लगातार नई खबरें सामने आ रही थीं। हर खबर के साथ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। अब इसके निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट से पर्दा हटाया है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर जारी कर ट्रेलर के रिलीज डेट की घोषणा की है। जारी हुए नए पोस्टर के मुताबिक, फिल्म का ट्रेलर 10,जून 2024 को रिलीज किया जाएगा।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक




अजय देवगन की फिल्म मैदान को इसी साल ईद के खास मौके पर यानी 11 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।240 करोड़ रुपये की लागात में बनी इस फिल्म ने 51.39 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब मैदान ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी हैं।अगर आपने इस फिल्म को सिनेमाघर में नहीं देखा है तो अब घर बैठे देख सकते हैं।

मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी। इस दौर को भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग कहा जाता है।इस फिल्म में अजय के अलावा प्रियामणि, गजराज राव, बोमन ईरानी और रुद्रनील घोष जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में हैं।

## किन लोगों को सुबह-सुबह नहीं पीना चाहिए नींबू पानी

नींबू में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होता है जो सेहत के लिए हर लिहाज से फायदेमंद माना जाता है. गर्मियों में हर रोज लोग नींबू पानी पीना पसंद करते हैं. वजन घटाने से लेकर इम्युनिटी मजबूत करने तक नींबू पानी बेहद कारगर है. कई लोग ऐसे हैं जो वजन घटाने के लिए सुबह के वक्त खाली पेट गुनगुना पानी में नींबू डालकर पीते हैं. लेकिन सबसे जरूरी है कि यह सभी लोगों को सूट नहीं करती है.

कुछ लोगों को इसके फायदे की जगह नुकसान होने लगता है. साथ ही पेट से जुड़ी कई सारी समस्याएं भी होने लगती है. आइए विस्तार से जानें किन लोगों को खाली पेट नींबू पानी नहीं पीना चाहिए ?

**नींबू किसे नहीं खाना चाहिए?-** जिन लोगों को एसिडिटी की समस्या है. उन्हें नींबू नहीं खाना चाहिए. जिन लोगों को दांतों से जुड़ी सेंसिटिविटी की बीमारी है. उन्हें नींबू का इस्तेमाल ज्यादा नहीं करना चाहिए. अगर आपको किडनी की बीमारी है. तो नींबू कम खाएं. इसके अलावा, नींबू अधिक खाने से हड्डियों के लिए भी खतरनाक हो सकता है.

**खाली पेट नींबू पानी पीने के नुकसान**

**एसिडिटी बढ़ती है-** अगर आप खाली पेट नींबू-पानी पीते हैं तो एसिडिटी की समस्या बढ़ सकती है. ऐसे लोगों को खाली पेट नींबू पानी पीने से बचना चाहिए. नींबू में साइट्रिक एसिड अधिक होता है. जो एसिडिटी को बढ़ाता है. खासकर खाली पेट नींबू पानी पीने से एसिडिटी के मरीजों को नुकसान हो सकता है.

**दांतों को नुकसान-** जो लोग रोजाना नींबू पानी पीते हैं. उन्हें दांतों की समस्या हो सकती है. खाली पेट नींबू पानी पीने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है. इसका मुख्य कारण नींबू में पाया जाने वाला एसिड है. इससे दांतों में संवेदनशीलता बढ़ती है. इससे दांतों की सुरक्षा करने वाला इनेमल भी कमजोर होता है.

**हड्डियां कमजोर हो सकती हैं-** जो लोग रोजाना बहुत ज्यादा नींबू-पानी पीते हैं, उन्हें फायदे से ज्यादा नुकसान होने की संभावना होती है. नींबू में एसिड होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा नहीं होता. इसलिए खाली पेट नींबू पानी पीने से बचना चाहिए.

**किडनी पर असर-** जिन लोगों को किडनी की समस्या है, उन्हें खाली पेट नींबू पानी नहीं पीना चाहिए. इससे किडनी पर दबाव पड़ता है. जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं. क्रोनिक किडनी डिजीज में भी नींबू पानी नहीं पीना चाहिए.


## शब्द सामर्थ्य- 80

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 079 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

## सू-दोकू- 80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.079 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आप का स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई रिश्तेदार आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा।

***वृष:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्ते में और मिठास आयेगी। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरते। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

***सिंह:*** आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। लवमेट आज अपने रिश्तें के बारे में घरवालों को बताएँगे, घरवाले इसपर विचार भी करेंगे।

***कन्या:*** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आपका कोई पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा।

***तुला:*** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगे। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे।

***वृश्चिक:*** आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज आपके सकारात्मक रवैये से जीवनसाथी प्रसन्न रहेंगे।

***धनु :*** आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा कराएगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, कोई नया केस हाथ लगेगा।

***मकर:*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। इस राशि के छात्रों को आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

***कुंभ:*** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जायेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी बेहतरीन राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप लेखन कार्यों में रुचि लेंगे आपका लेखन और अच्छा होगा।

***मीन:*** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है।